आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 21.03.2025
समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- गर्मियों के मौसम में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिये हर जिले में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा।
- चारधाम यात्रा और पर्यटन सीजन के मद्देनजर राज्य सरकार ने खाद्य सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान शुरू किया ।
- प्रदेश के सभी जिलों को आगामी वित्त वर्ष 2025–26 के जल संरक्षण कार्यों की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश।
- चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के पहले दिन एक लाख 75 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया।
- उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवक्ता पद के लिए 22 व 23 मार्च को प्रस्तावित परीक्षा को स्थगित करने के निर्देश दिए।

कंट्रोल रूम स्थापित

राज्य में गर्मियों के मौसम में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिये हर जिले में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। यह कंट्रोल रूम पेयजल आपूर्ति, लीकेज और अन्य समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए काम करेगा और इसे कॉल सेंटर की तरह संचालित किया जाएगा। इसके लिए जल संस्थान और जल निगम के सहायक अभियंता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो समयबद्ध तरीके से शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करेंगे।

गर्मियों में संभावित पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए पेयजल सचिव शैलेश बगौली ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिये। पेयजल आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए सचिव ने सभी पेयजल टैंकरों की नियमित सफाई और जीपीएस ट्रैकिंग अनिवार्य करने के निर्देश दिए। हर डिवीजन में पर्याप्त संख्या में टैंकर उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए ताकि जल संकट की स्थिति में त्वरित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

विशेष अभियान

चारधाम यात्रा और हेमकुंड साहिब यात्रा तथा पर्यटन सीजन को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने खाद्य सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देश पर खाद्य पदार्थों की जांच, मिलावट पर सख्ती और स्वच्छता अभियान तेज कर दिए गए हैं।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि हरिद्वार, नैनीताल, देहरादून, टिहरी और ऊधमसिंह नगर में स्थायी अधिकारियों की तैनाती की गई है, जबकि उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ में अतिरिक्त अधिकारी तैनात होंगे। यात्रा मार्गों पर होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और विक्रेताओं की नियमित जांच होगी। फूड सेफ्टी टीमों को मोबाइल टेस्टिंग लैब के साथ तैनात किया जाएगा।

दुग्ध उत्पाद, मसाले, तेल, आटा, मिठाई, शीतल पेय और पैक्ड फूड की प्रयोगशाला जांच होगी और मिलावट पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। बिना लाइसेंस कारोबार करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई होगी।

निर्देश

राज्य के किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि और किसान मान धन योजना से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय अनुमोदन समिति की बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने यह निर्देश दिया। उन्होंने लैंड सीडिंग, आधार लिंकिंग और ई–केवाईसी जल्द पूरी करने पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही किसान मान धन योजना को फैलाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये।

बैठक में बताया गया कि रबी 2024–25 में 32 हजार से अधिक किसानों और 10 हजार 308 हेक्टेयर भूमि को बीमा कवर मिला। 2025–26 में इसे एक लाख किसानों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में 300 नए किसान उत्पादक संगठन स्थापित करने और कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान 2025–26 के लिए कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत 785 करोड़ रुपये का लक्ष्य तय किया गया।

विंटर कार्निवाल

भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से विंटर गेम एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से औली में कल से दो दिवसीय विंटर कार्निवल का आयोजन किया जाएगा। नेशनल स्की के कोच अजय भट्ट ने बताया कि विंटर कार्निवल में स्कीइंग, स्नो बोर्ड प्रतियोगिता, स्की माउंटेनियरिंग दौड़, स्नो शू हाइकिंग, नॉडिक वाकिंग समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। साथ ही स्थानीय हस्तशिल्प और खाद्य स्टाल, बर्फ में योग, बच्चों के लिए स्नो खेल, उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्नो मैराथन आदि भी होंगे।

कैच द रेन – 2025

अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में जल संरक्षण अभियान : कैच द रेन – 2025 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जनपदों को आगामी वित्त वर्ष 2025–26 के जल संरक्षण कार्यों की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलों से वित्त वर्ष 2024–25 के जल संरक्षण कार्यों का फीडबैक लिया और अगले चरण की योजना तैयार करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिये कि 10 दिनों के भीतर सभी जिलों में स्प्रिंग हैड एंड रिवर रिजुवनेशन एजेंसी (सारा) कमेटियों की बैठक कर प्रस्ताव और सुझावों के साथ कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए।

जल स्रोतों और जल निकायों के पुनर्जीवन और जल संचय कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केंद्रीय जल संरक्षण बोर्ड, एन.आई.ए. और आई.आई.टी रुड़की जैसी संस्थाओं से तकनीकी मार्गदर्शन लेने को कहा गया। अभियान में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभागों, शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानों, जनप्रतिनिधियों और आम जनता को क्षमता विकास और कार्यशालाओं से जोड़ने पर जोर दिया गया।

अपर मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिया कि पूर्व में निर्मित जल निकायों और अमृत सरोवरों का पुनः सर्वेक्षण किया जाए और आवश्यक सुधारों के प्रस्ताव तैयार किए जाएं।

पंजीकरण

चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के पहले दिन एक लाख 75 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है। केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए सबसे अधिक 53 हजार 5 सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने अपना पंजीकरण कराया पहले दिन पंजीकरण का आंकड़ा डेढ़ लाख पार होने से इस बार की तीर्थयात्रा में बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। गौरतलब है कि 30 अप्रैल को गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही राज्य में विधिवत चारधाम यात्रा शुरू हो जाएगी।

ई.पी.एफ.ओ

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में इस वर्ष जनवरी में 17 लाख 89 हज़ार सदस्य शामिल हुए हैं। यह दिसंबर 2024 की तुलना में कुल सदस्यों में ग्यारह दशमलव चार–आठ प्रतिशत की वृद्धि है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने इस वृद्धि का श्रेय रोजगार के बढ़ते अवसरों, कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता और संगठन की प्रभावी जनसंपर्क पहलों को दिया है। संगठन के अनुसार, जनवरी 2025 में लगभग 8 लाख 23 हज़ार नए सदस्य जुड़े हैं।

परीक्षा स्थगित

प्रदेश के सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवक्ता के 200 पदों के लिए 22 व 23 मार्च को प्रस्तावित परीक्षा को उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने स्थगित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने उत्तराखंड लोकसेवा आयोग को ए०आई०टी०सी से सलाह लेकर परीक्षा की नई तिथि जारी करने के आदेश दिये हैं।

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए पिछले एक महीने में कई कदम उठाए गए हैं। लगभग एक करोड़ चुनाव कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने के लिए निरंतर डिजिटल प्रशिक्षण की योजना बनाई गई है। इनमें निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी, जिला चुनाव अधिकारी और मुख्य चुनाव अधिकारी स्तर पर चुनाव अधिकारियों के साथ लगभग पांच हजार सर्वदलीय बैठकों के माध्यम से राजनीतिक दलों की भागीदारी शामिल है। आयोग ने कहा है कि 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यभार संभालने के एक महीने में श्री ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्तों के साथ मिलकर सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बीएलओ स्तर तक पूरी चुनाव मशीनरी को सक्रिय कर दिया है।

और अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग सुर्खियों को प्राथमिकता दी है।

हनोल क्षेत्र को विकसित करने को सरकार ने स्वीकृत किये 120 करोड़ रूपये, दैनिक जागरण समाचार पत्र की ख़बर है। इसी पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है– हनोल मास्टर प्लान के लिए जिलाधिकारी ने जनता से मांगे सुझाव।

चारधाम यात्रा पंजीकरण की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है। अमर उजाला लिखता है– केदारनाथ धाम के लिए 53 हजार 5 सौ 70 पंजीकरण हुए। दैनिक जागरण लिखता है– बदरीनाथ के लिए 49 हजार 3 सौ 85 श्रद्धालुओं ने कराया पंजीकरण।

मसूरी में जार्ज एडवेंचर पार्क के रास्ते टोल वसूली नहीं होगी। हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– याचिकाकर्ता ने कंपनी पर लगाया लीज की शर्तों के उल्लंघन का आरोप। वहीं अमर उजाला का शीर्षक है– जार्ज एवरेस्ट एडवेंचर के लिए टोल वसूली पर अंतरिम रोक।

पॉलिटेक्निक प्रवक्ता पदों की लिखित परीक्षा पर रोक की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुख्ता दी है। दैनिक जागरण लिखता है– हाईकोर्ट की आदेश पर परीक्षा स्थगित। अमर उजाला ने लिखा है– हाईकोर्ट ने एआईटीसी से सलाह लेकर नई तिथि जारी करने को कहा

छत्तीसगढ़ में 30 नक्सलियों के मारे जाने की ख़बर पर नवोदय टाइम्स लिखता है– 30 नक्सली ढेर, जवान शहीद, बड़ी संख्या में एके–47, राकेट लांचर, विस्फोटक व अन्य हथियार बरामद। इसी पर राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र गृहमंत्री अमित शाह के हवाले से लिखता है– सालभर में नक्सल मुक्त होगा देश।